प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

29 जुलाई 2022

# अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की उधार और जमा दरें - जुलाई 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज जुलाई 2022 माह के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की उधार और जमा दरों पर आंकड़े जारी किए।

**मुख्य विशेषताएं:**

**उधार दरें:**

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) मई 2022 में 7.86 प्रतिशत से 8 आधार अंक (बीपीएस) बढ़कर जून 2022 में 7.94 प्रतिशत हो गई।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर जून 2022 में 14 बीपीएस बढ़कर 8.93 प्रतिशत हो गया।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निधि आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की 1-वर्ष की औसत सीमांत लागत जून 2022 में 7.40 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई 2022 में 7.55 प्रतिशत हो गई।

**जमा दरें:**

- एससीबी की बकाया रुपया सावधि जमा पर भारित औसत घरेलू सावधि जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) मई 2022 में 5.07 प्रतिशत से 6 बीपीएस बढ़कर जून 2022 में 5.13 प्रतिशत हो गई।

**प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/624**

**रूपांबरा**
निदेशक (संचार)